हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176213
Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176213

क्रमांकः-हि०शि०बो०जमा दो-1/26/L.S./2020/12863-12890 दिनांकः 12-06-2020

"अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि कोरोना वायरस महामारी संक्रमण (Covid-19) के कारण भारत सरकार द्वारा 22 मार्च, 2020 से जनता कर्फ्यू व सम्पूर्ण लॉकडाउन लागू किए जाने के कारण प्रदेश में दिनांक 23 मार्च 2020 व उसके उपरान्त आयोजित होने वाली जमा दो कक्षा की ऐच्छिक विषयों की निर्धारित लिखित परीक्षाएं आयोजित नहीं करवाई जा सकी हैं। अतः कोरोना महामारी संक्रमण (Covid-19) के प्रसार पर नियंत्रण व बचाव से सम्बन्धित उपायों के दृष्टिगत परीक्षार्थी हित को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 1968 की धारा 19(3) में निहित शाक्तियों का प्रयोग करते हुए माननीय अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शेष ऐच्छिक पांचवें विषय/विषयों की लिखित परीक्षाएं आयोजित न करवाने तथा परीक्षा परिणाम संकलन हेतु आयोजित की गई चार विषयों की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण, जिस एक विषय में प्राप्तांक अधिकतम होंगे, उसी के आधार पर पांचवें ऐच्छिक विषय की लिखित परीक्षा के लिए बोर्ड द्वारा समानुपातिक प्रतिशत अंक प्रदान किए जाएगें, परन्तु आन्तरिक मूल्यांकन व प्रायोगिक परीक्षा के अंक वही मान्य होंगे जो सम्बन्धित विद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों को प्रदान किए गए हैं।

सचिव

पृष्ठाकंन सं० यथोपरिः- दिनांकः 12-06-2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही तथा सूचनार्थ प्रेषित है।

1. प्रधान सचिव (शिक्षा), हि०प्र० सरकार, शिमला-171002
2. निदेशक उच्चतर (शिक्षा), हि०प्र० सरकार, शिमला-171001
3. विशेष निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
4. निजी सहायक, सचिव, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
5. अतिरिक्त सचिव, समस्त उप सचिव/सहायक सचिव/ अनुभाग अधिकारी ।
6. लोक सम्पर्क अधिकारी, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
7. अनुभाग अधिकारी (I.T. Cell) को अधिसूचना बोर्ड वैवसाईट पर अपलोड करने हेतु।
8. रक्षक संचिका।

सचिव

PC No.: 57C DA Code: 757

ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला ज़िला काँगड़ा(हि०प्र०)-176213
दूरभाष/Tele: 01892-242....., 242......, 229037
फैक्स/fax: 01892-225419, 222817
Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176213
अणु डाक/e-mail : hpbose2011@gmail.com
Website : hpbose.org